**पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उपक्रम)**

**ऊर्जानिधि' 1 बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 वेबसाइट: www.pfcindia.com**
**(सीआईएन:L65910DL1986GO1024862)**

**विज्ञापन सं.: 02/2024/एफटीई**

पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक महारत्न सीपीएसई है। पीएफसी विद्युत क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पीएफसी विद्युत क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है। मैनपावर बढ़ाने के लिए, पीएफसी 5 वर्ष की अवधि के लिए पूर्णत: निश्चित अवधि के अनुबंध के आधार पर भर्ती हेतु गतिशील, प्रतिबद्ध, आत्म-प्रेरित और अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करता है। रिक्तियों का पद-वार विवरण निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या (निम्न के लिए आरक्षित) | आवश्यक न्यूनतम शैक्षिक अर्हता | आवश्यक न्यूनतम अनुभव | व्यापक अनंतिम जॉब विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | समन्वयक (आरडीएसएस)-एल2 | 16<br>(यूआर- 7<br>ओबीसी- 4<br>एससी- 2<br>एसटी- 1<br>ईडबल्यूएस- 2) | बी.ई. / बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन/ मैकेनिकल/ मैन्यूफेक्चरिंग/ इंडस्ट्रियल/ उत्पादन/ विद्युत/ ऊर्जा/ आईटी/ सीएस या इनमें से किसी भी विशेषज्ञता का संयोजन)<br>(न्यूनतम 55% अंक अपेक्षित हैं) | विद्युत वितरण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विद्युत परियोजनाओं के समन्वय/ मॉनीटरिंग/ कार्यान्वयन तथा वितरण व्यवसाय के विनियामक पहलुओं में न्यूनतम 6 वर्ष का प्रासंगिक अर्हता-पश्चात अनुभव। *वांछनीय: राज्य विद्युत वितरण क्षेत्र में आईटी कार्यान्वयन का अनुभव। एआई / ऑटोमेशन से संबंधित परियोजनाओं का अनुभव।* | संशोधित वितरण क्षेत्र योजना परियोजनाओं के कार्यान्वयन में यूटिलिटी के साथ समन्वय।<br><br>समय-समय पर सौंपे गए पीएफसी के परियोजना प्रभाग से संबंधित अन्य कार्य। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **2** | समन्वयक (आरडीएसएस)- एल3 | 18 (यूआर- 9 ओबीसी- 4 एससी- 3 एसटी- 1 ईडबल्यूएस- 1) | बी.ई. / बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन/ मैकेनिकल/ मैन्यूफेक्चरिंग/ इंडस्ट्रियल/ उत्पादन/ विद्युत/ ऊर्जा/ आईटी/ सीएस या इनमें से किसी भी विशेषज्ञता का संयोजन)<br><br>(न्यूनतम 55% अंक अपेक्षित हैं) | विद्युत वितरण क्षेत्र में स्मार्ट मीटरिंग / ईआरपी या बिलिंग समाधान के लिए यूटिलिटी स्केल आईटी परियोजनाओं / एससीएडीए/ गुणवत्ता आश्वासन और मॉनीटरिंग/ वितरण परियोजना मॉनीटरिंग/ ऊर्जा लेखापरीक्षा के क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्ष का अर्हता-पश्चात अनुभव। अभ्यर्थी को वितरण व्यवसाय और प्रचालन प्रबंधन का ज्ञान भी होना चाहिए<br><br>*वांछनीय: विद्युत क्षेत्र और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में अनुभव।* | आरडीएसएस योजना में स्मार्ट मीटरिंग/ ईआरपी या बिलिंग समाधान के लिए यूटिलिटी स्केल आईटी परियोजनाओं/ एससीएडीए/ गुणवत्ता आश्वासन और मॉनीटरिंग/ वितरण परियोजना मॉनीटरिंग/ ऊर्जा लेखापरीक्षा का कार्यान्वयन।<br><br>समय-समय पर सौंपे गए पीएफसी के परियोजना प्रभाग से संबंधित अन्य कार्य। |

संक्षिप्त नाम: आरडीएसएस= संशोधित वितरण क्षेत्र योजना। अभ्यर्थियों को केवल एक पद (या तो एल2 या एल3) के लिए आवेदन करने की अनुमति है। यदि कोई अभ्यर्थी दोनों पदों के लिए आवेदन करता है, तो उसका आवेदन दोनों पदों के लिए पूर्णत: अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**आयु:**
निगम की सेवा में नियुक्ति के समय किसी व्यक्ति की आयु 21 वर्ष से कम और 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**अनुबंध की अवधि:**
ये अस्थायी आवश्यकता (5 वर्ष) के लिए पूर्णत: निश्चित अवधि के संविदात्मक असाइनमेंट हैं। अनुबंध की निबंधन एवं शर्तें निगम के निर्णय/पीएफसी के प्रचलित नियमों/नीति के अनुसार बदली जा सकती हैं और अभ्यर्थी इसे स्वीकार करने के लिए बाध्य होंगे। किसी भी पक्ष द्वारा बिना कोई कारण बताए 30 दिनों का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

**तैनाती का स्थान:** भारत में कहीं भी। ऑनलाइन आवेदन के समय क्षेत्रवार वरीयता दी जा सकती है। हालांकि, पीएफसी द्वारा किसी भी समय तैनाती का स्थान बदला जा सकता है। इस संबंध में पीएफसी के पास सभी अधिकार सुरक्षित हैं।

**पारिश्रमिक:**

| लेवल | समेकित आधार पर मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|
| एल2 | ₹90000/- |

| | |
|---|---|
| एल3 | ₹125000/- |

अन्य हितलाभ/सुविधाएं निगम के मौजूदा नियमों के अनुसार प्रदान की जाएंगी।

**छूट/रियायत:**

- विभिन्न आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए छूट/रियायत भारत सरकार के लागू दिशानिर्देशों/पीएफसी नियमों के अनुसार विचार की जाएगी।
- आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में जाति/ श्रेणी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, ओबीसी-एनसीएल (ओबीसी-नॉन क्रीमी लेयर) अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा 30 मई, 2014 को जारी डीओपीटी के कार्यालय ज्ञापन सं. 36036/2/2013-एस्टे.(रिजर्व.) में यथा निहित भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति में आरक्षण के प्रयोजन से लागू संशोधित प्रारूप में वैध जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। संशोधित प्रारूप हमारी वेबसाइट www.pfcindia.com (करियर पेज) से भी डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है तो ओबीसी-एनसीएल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय एक वचनबद्धता प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें यह इंगित होगा कि वे ओबीसी-नॉन क्रीमी लेयर से संबंधित हैं।
- ओबीसी अभ्यर्थी जो "क्रीमी लेयर" से संबंधित हैं, वे ओबीसी-एनसीएल अभ्यर्थियों को स्वीकार्य छूट के हकदार नहीं हैं और ऐसे अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी सामान्य के रूप में दर्शानी होगी।
- विज्ञापित रिक्तियों में से दो रिक्तियां पीडब्ल्यूबीडी (प्रत्येक ए और बी श्रेणी हेतु एक) के लिए आरक्षित हैं। पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षण भारत सरकार के दिशानिर्देशों और पीएफसी नियमों के अनुसार स्वीकार्य होगा। भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनतम 40% बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति ही पीडब्ल्यूबीडी के हितलाभ के लिए पात्र होंगे।

**सामान्य शर्तें**

1. यह असाइनमेंट अस्थायी आवश्यकता के लिए पूर्णत: निश्चित अवधि के आधार पर अवार्ड किया जाएगा, न कि किसी नियमित रिक्ति के लिए। जॉब के लिए चयनित किसी भी व्यक्ति को निश्चित अवधि के रोजगार की योग्यता के आधार पर स्थायी रोजगार के अधिकार का दावा नहीं करना चाहिए और न ही स्थायी रोजगार के लिए पक्ष-प्रचार करना चाहिए।
2. सभी अर्हताएं एआईसीटीई/ यूजीसी/ उपयुक्त सांविधिक प्राधिकरण द्वारा भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए। अर्हता की समतुल्यता पूरी तरह से पीएफसी प्रबंधन द्वारा निर्धारित की जाएगी।
3. सहायक दस्तावेजों की कमी, अधूरे डेटा या देर से प्राप्त होने वाले आवेदनों को पूर्णत: अस्वीकार कर दिया जाएगा।
4. आयु/न्यूनतम अनुभव आवश्यकता/अर्हता आदि की सभी गणनाएं 3.12.2024 (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि) के संदर्भ में की जाएंगी। परिणाम की घोषणा/मार्कशीट जारी करने की तिथि को अर्हता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा और इस संबंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी। किसी पद के लिए अर्हता-पश्चात अनुभव केवल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से गिना जाएगा।
5. अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए और उन्हें फिटनेस प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. चयनित अभ्यर्थियों के पास अपने राज्य से काम करने के लिए स्वयं का फोन, कम्प्यूटर/ लैपटॉप और इंटरनेट कनेक्टिविटी होनी चाहिए।
7. लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए गए आउटस्टेशन अभ्यर्थियों को टिकट/यात्रा का प्रमाण प्रस्तुत करने पर निगम के नियमों/निर्णय

के अनुसार सबसे छोटे मार्ग से आने-जाने का एकल किराया दिया जाएगा।

8. प्रबंधन अभ्यर्थियों की योग्यता, अर्हता, अनुभव आदि और निगम की आवश्यकता के आधार पर उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग/चयन में वेटेज देने का अधिकार सुरक्षित रखेगा।
9. प्रबंधन बिना कोई कारण बताए आवेदन प्रक्रिया और/या उसके तहत चयन प्रक्रिया को रद्द/रोकने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
10. इस विज्ञापन में दर्शाई गई कुल अनुमानित रिक्तियों की संख्या, यदि आवश्यकता हुई तो पीएफसी प्रबंधन के विवेक पर बढ़ाई/घटाई जा सकती है/रद्द की जा सकती है। यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसे पीएफसी वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा।
11. केवल इस तथ्य से कि किसी अभ्यर्थी ने विज्ञापन के निमित्त आवेदन प्रस्तुत किया है तथा विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को स्पष्ट रूप से पूरा करता है, उसे लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/या किसी अन्य चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं मिल जाता। निगम निर्धारित अर्हता, प्रासंगिक अनुभव तथा संलग्न सहायक दस्तावेजों आदि के आधार पर सभी आवेदनों की जांच करेगा। इस संबंध में पीएफसी का निर्णय बाध्यकारी तथा अंतिम होगा।
12. किसी भी पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह उपर्युक्त पात्रता तथा अन्य मानदंडों को पूरा करता है तथा प्रस्तुत विवरण सभी प्रकार से सही है। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है तथा/या उसने कोई गलत/झूठी सूचना प्रस्तुत की है अथवा कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द हो जाएगी। यदि नियुक्ति के पश्चात भी उपर्युक्त में से कोई कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं।
13. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में किसी भी आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल दिल्ली में ही की जा सकेगी और ऐसे किसी भी मामले/विवाद पर सुनवाई करने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार केवल दिल्ली स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरमों के पास होगा।
14. यदि अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य संस्करण में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
15. राष्ट्रीयता के संबंध में पात्रता निगम की मौजूदा नीति के अनुसार होगी। कोई भी व्यक्ति, जो भारतीय नागरिक नहीं है, निगम में किसी भी पद पर नियुक्त नहीं किया जाएगा।
16. कोई भी व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, जिसे पहले निगम की सेवा से या किसी राज्य या केंद्र सरकार के विभाग या किसी स्थानीय प्राधिकरण या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या किसी स्वायत्त निकाय से बर्खास्त, हटाया या अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया गया हो। इसके अतिरिक्त, निगम के नियमित कर्मचारी जिन्होंने निगम की सेवा से इस्तीफा दे दिया है, वे भी पुनः नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं।
17. कोई भी व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा जिसे नैतिक अधमता से संबंधित किसी अपराध के लिए न्यायालय में दोषसिद्ध किया गया हो।
18. कोई भी अभ्यर्थी जिसके एक से अधिक पति/पत्नी जीवित हों या जो अपने पति/पत्नी में से किसी एक के जीवित रहते हुए दूसरा विवाह कर ले जो ऐसे पति/पत्नी के जीवनकाल में होने के कारण अमान्य हो, निगम में किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, सिवाय इसके कि जहां केंद्र सरकार के अपने कर्मचारियों के लिए नियमों के अंतर्गत इसकी अनुमति दी गई हो।
19. चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और उसके बाद साक्षात्कार शामिल है। लिखित परीक्षा केवल उन अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जाएगी जो शॉर्टलिस्टिंग/जांच के बाद उपयुक्त पाए जाएंगे। वे सभी अभ्यर्थी जो लिखित परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करेंगे, वे साक्षात्कार में उपस्थित होने के

पात्र होंगे। लिखित परीक्षा केवल क्वालीफाइंग प्रकृति की होगी और अंतिम चयन साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। हालांकि, पीएफसी अपने विवेक से चयन प्रक्रिया को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इस संबंध में पीएफसी का निर्णय अंतिम होगा।

20. लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए स्थान और समय वेबसाइट और/या ईमेल के माध्यम से अलग से सूचित किया जाएगा। लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के अतिरिक्त, यदि आवश्यक हो तो पीएफसी को कोई अन्य चयन विधि लागू करने का अधिकार है।
21. पदों का विज्ञापन पीएफसी के लिए किया जाता है, तैनाती पीएफसी की किसी भी यूनिट/परियोजना/क्षेत्रीय कार्यालय/संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनी में हो सकती है। सभी पद पीएफसी प्रबंधन के विवेक पर स्थानांतरण-योग्य हैं।
22. सभी अभ्यर्थी बिना किसी शर्त के पीएफसी नियमों और विनियमों को स्वीकार करने और उनका पालन करने के लिए बाध्य होंगे।
23. गोपनीयता - नियुक्त कर्मचारी को निगम के व्यवसाय की सत्यनिष्ठा और गोपनीयता बनाए रखनी होगी और कर्मचारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान निदेशक (वाणिज्यिक) के अनुमोदन के बिना किसी अन्य व्यवसाय में पदभार ग्रहण नहीं करना होगा। उसे कर्मचारी के कर्तव्यों का उचित परिश्रम के साथ पालन करना होगा।

**<u>आवेदन कैसे करें:</u>**

1) आवेदन भरने से पहले, कृपया सुनिश्चित करें कि आप पात्र हैं और विज्ञापन के अनुसार पद के लिए सभी निर्धारित अर्हता और अनुभव आदि को पूरा करते हैं।
2) पात्र आवेदकों को **<u>13.11.2024 को 1000 बजे से 3.12.2024 को 1700 बजे तक</u>** पीएफसी की वेबसाइट अर्थात <u>www.pfcindia.com</u> (करियर पेज) के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन करना होगा।
3) मूलभूत जानकारी, अर्हता, अनुभव के सफल पंजीकरण के बाद, अभ्यर्थी को निम्नलिखित स्व-सत्यापित दस्तावेज अपलोड करने होंगे:
    क) जन्म-तिथि का प्रमाण (कक्षा X प्रमाण-पत्र)
    ख) विशेषज्ञता/ प्रतिशत/ अर्हता के माध्यम के समर्थन में अर्हता डिग्री, मार्क-शीट और कोई अन्य प्रमाण-पत्र, यदि आवश्यक हो
    ग) श्रेणी प्रमाण-पत्र एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम (यदि लागू हो)
    घ) नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी अपलोड करें।
4) दस्तावेजों को सफलतापूर्वक अपलोड करने के बाद, आवेदकों को पेमेंट गेटवे के माध्यम से ₹500/- (लागू करों सहित) के आवेदन शुल्क (गैर-वापसी योग्य) के ऑनलाइन पेमेंट के लिए पेमेंट गेटवे पर निर्देशित किया जाएगा। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम अभ्यर्थियों से कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा।
5) आवेदन शुल्क के सफल भुगतान के बाद, अभ्यर्थियों को "*फाइनल सबमिशन ऑफ एप्लिकेशन*" का चयन करना आवश्यक है। कृपया भविष्य के संदर्भों के लिए आवेदन-पत्र और भुगतान पावती पर्ची (यथा लागू) को अपने पास रख लें। आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लेनदेन आईडी और भुगतान स्थिति (पेड), यदि लागू हो, तो आवेदन पत्र पर इंगित किया गया है।
6) अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण प्रस्तुत करने/प्रदान करने में अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। *आप आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने से पहले जानकारी एडिट कर सकते हैं।* अंतिम जमा के बाद आवेदन को संशोधित/एडिट नहीं किया जा सकता है।
7) ऑनलाइन आवेदन भरते समय किसी भी प्रश्न/कठिनाई के लिए, अभ्यर्थी टेलीफोन नंबर 011-23456370 (विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए) पर संपर्क कर सकते हैं।
8) यदि किसी पद के लिए आवेदनों की संख्या अधिक है, तो पीएफसी ऊपर उल्लिखित न्यूनतम पात्रता आवश्यकताओं से अधिक मानदंडों वाले अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

9) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापन को विस्तार से पढ़ें और कोई भी ऐसा प्रश्न न पूछें जो विज्ञापन में पहले से ही उल्लिखित/स्पष्ट है।

**टिप्पणी:**

1. सभी आवेदन केवल ऑनलाइन ही जमा किए जाएंगे। सभी आवेदकों से अनुरोध है कि वे आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी या कोई भी दस्तावेज निगम को न भेजें।
2. अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है जो इस भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने तक सक्रिय रहेगी। किसी भी परिस्थिति में, अभ्यर्थी को किसी अन्य व्यक्ति की ई-मेल आईडी का उल्लेख नहीं करना चाहिए। सभी पत्राचार आपके द्वारा प्रदान की गई ई-मेल आईडी के माध्यम से किए जाएंगे। कोई भी भौतिक पत्राचार नहीं किया जाएगा।
3. अभ्यर्थियों को भर्ती के बारे में अपडेट के लिए पीएफसी वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। अभ्यर्थियों को अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करें और आवेदन समय पर जमा करें और आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि/समय तक इंतजार न करें। यदि अभ्यर्थी समय पर अपना आवेदन जमा नहीं कर पाते हैं तो पीएफसी जिम्मेदार नहीं होगा।
4. कृपया भविष्य के संदर्भों के लिए आवेदन पत्र का प्रिंट-आउट सुरक्षित रखें।

**महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | | |
|---|---|---|
| **1** | **ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तिथि** | **13.11.2024** |
| **2** | **भुगतान की अंतिम तिथि** | **3.12.2024** |
| **3** | **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** | **3.12.2024** |